# चित्रकूट-पुलिस

**(1).** "मिशन शक्ति फेज- 5.0" महिला सुरक्षा व सशक्तिकरण की नई दिशा"

□"मिशन शक्ति फेज-5.0: महिलाओं की सुरक्षा व स्वावलंबन की नई पहल — जनपद चित्रकूट में महिला सुरक्षा, सम्मान, स्वालंबन, को समर्पित "मिशन शक्ति अभियान-5" के पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह के निर्देशन में श्रेत्राधिकारी नगर श्री अरविन्द वर्मा नेतृत्व में प्रभारी महिला थाना श्रीमती नीलम देवी, महिला मुख्य आरक्षी लता त्रिपाठी एवं आरक्षी तिलकराज द्वारा राजकीय इण्टर कॉलेज कर्वी में, प्रभारी निरीक्षक मानिकपुर श्री श्रीप्रकाश यादव, महिला आरक्षी सोनम, महिला आरक्षी संयोगिता चौहान द्वारा कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय मानिकपुर में,उ0नि0 श्री बलवन्त सिंह,महिला आरक्षी श्रुतिका,महिला आरक्षी निशा, महिला आरक्षी अंजू द्वारा पंडित राजाराम उपाध्याय महाविद्यालय सूदिनपुर भरतकूप में, मुख्य आरक्षी आदित्य, महिला मुख्य आरक्षी परवीन, महिला आरक्षी आरती द्वारा पं0 दीनदयाल उपाध्याय राजकीय मॉडल इंटर कॉलेज हरदीकलां थाना बरगढ़ में, महिला आरक्षी दीक्षा द्वारा सरदार पटेल इण्टर कॉलेज रैपुरा में इसी प्रकार जनपद समस्त एण्टीरोमियों टीम द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में महिलाओं/बालिकाओ, छात्र/छात्राओं को मिशन शक्ति अभियान फेज-5.0 के सम्बन्ध में जाकरूक किया गया।

इस अभियान का मुख्य उद्देश्य महिलाओं/बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन सुनिश्चित करना है-

1. जन-जागरूकता एवं शिकायत निस्तारण,स्कूल/कॉलेज, वर्किंग वूमेन हॉस्टल में जागरूकता कार्यक्रम,निम्न आय वर्ग बस्तियों,गांवों,वार्डों,मोहल्लों में चौपाल कार्यक्रम प्रमुख बाजारों,कस्बों व चौराहों पर जागरूकता व शिकायत निस्तारण।

2.महिला बीट पुलिस की भूमिका, प्रत्येक थाना क्षेत्र की महिला बीट पुलिस द्वारा जन-जागरूकता,साइबर अपराध से बचाव एवं साइबर हेल्पलाइन 1930 की जानकारी,महिला समस्याओं का त्वरित निस्तारण।

3.बालिकाओं एवं महिलाओं के लिए विशेष आत्मरक्षा प्रशिक्षण,गुड टच/बैड टच की जानकारी।

महिला/बालिकाओं को सुरक्षा सम्बन्धित सेवाएँ

1076 – मुख्यमंत्री हेल्पलाइन

1090 – वीमेन पावर लाइन

181 – वीमेन हेल्पलाइन

112 – पुलिस आपातकालीन सेवा

102 – गर्भवती महिलाओं एवं नवजात शिशुओं हेतु एम्बुलेंस

108 – सामान्य एम्बुलेंस सेवा

1098 – चाइल्ड लाइन

101 – अग्निशमन सेवा

1930 – साइबर हेल्पलाइन व www.cybercrime.gov.in के बारे में जानकारियां दी गई।

इस दौरान उपस्थित महिलाओं/बालिकाओं को अवगत कराया गया कि सभी थानों में महिलाओ की सुरक्षा/सहायता हेतु एक महिला हेल्पडेस्क बनाया गया है, जहाँ पर महिला पुलिसकर्मी द्वारा महिलाओं की शिकायत सुनी जाती है तथा समय से उनका निस्तारण किया जाता है। इसके साथ ही मौजूद महिलाओं/बालिकाओं को महिला सुरक्षा सम्बन्धी चलायी जा रही हेल्पलाइन नम्बरों के सम्बन्ध में पंपलेट वितरित करते हुए विस्तार से जानकारी देने के साथ ही सभी महिलाओं/बालिकाओं को हेल्पलाइन नम्बर का निर्भीक होकर उपयोग करने हेतु तथा महिलाओ को आत्मनिर्भर बनने व निर्भीक होकर अपने अपने क्षेत्र में कार्य करने/शिक्षा ग्रहण करने के लिये प्रेरित किया गया तथा सोशल मीडिया पर अपनी प्राइवेसी रखते हुये उसका प्रयोग करने के लिये कहा गया। इसी क्रम में महिलाओं/बालिकाओ को जनपद में

गठित “एंटी रोमियो स्क्वायड” टीम के बारे में अवगत कराया गया तथा बताया गया कि सादे वस्त्रों में तथा प्राइवेट वाहनों से सार्वजनिक स्थलों, स्कूल, कालेज व कोचिंग संस्थान के आसपास व ऐसे स्थान जहाँ पर महिलाओ एवं बालिकाओ का अधिकतर आवागमन होता है उनको भौतिक रुप से चिन्हित कर शोहदो/मनचलो के द्वारा Eve Teasing इत्यादि आपत्तिजनक हरकतो को रोकने के उद्देश्य से सघन चेकिंग कर लोगो से पूछताछ की जाती है व अनावश्यक रुप से मौजूद शोहदों/मनचलो को हिदायत/कार्यवाही की जाती।

**(2). प्रेस नोट-चित्रकूट पुलिस**
**दिनांक-24.09.2025**
**पुलिस उपमहानिरीक्षक चित्रकूटधाम परिक्षेत्र बांदा द्वारा पुलिस अक्षीक्षक चित्रकूट की उपस्थिति में शारदीय नवरात्रि पर्व के दृष्टिगत कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने हेतु मिशन शक्ति केन्द्र कोतवाली कर्वी का निरीक्षण कर कर्वी शहर में पैदल गश्त कर दुर्गा पण्डालों की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया।**
**महिलाओं/बालिकाओं को मिशन शक्ति फेज-5.0’ के सम्बन्ध में जागरुक किया गया।**
**शारदीय नवरात्रि पर्व को शांतिपूर्ण एवं सुरक्षित ढंग से संपन्न कराने जाने हेतु पुलिस उपमहानिरीक्षक चित्रकूटधाम परिक्षेत्र बांदा श्री राजेश एस. द्वारा पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह एवं अपर पुलिस अधीक्षक श्री सत्यपाल सिंह की उपस्थिति में मिशन शक्ति केन्द्र कोतवाली कर्वी का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये तत्पश्चात पुलिस बल के साथ कर्वी शहर में पैदल गश्त कर दुर्गा पण्डालों की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया।**
**पैदल गस्त के दौरान पुलिस उपमहानिरीक्षक चित्रकूटधाम परिक्षेत्र बांदा द्वारा कोतवाली कर्वी क्षेत्र में दुर्गा पण्डाल आयोजकों से संवाद कर सुरक्षा उपायों की जानकारी प्राप्त कर सुरक्षा का आश्वासन देते हुए कहा गया कि कोई भी व्यक्ति शांति भंग करने का प्रयास करेगा तो उसके विरुद्ध कठोर कार्यवाही की जाएगी।**
**महिला सुरक्षा को विशेष प्राथमिकता देते हुए काली देवी मन्दिर कर्वी पर मिशन शक्ति अभियान 5.0 के तहत महिला/बालिकाओं को सुरक्षा/सुविधा सम्बन्धित सेवाएँ**
**1076 – मुख्यमंत्री हेल्पलाइन**
**1090 – वीमेन पावर लाइन**
**181 – वीमेन हेल्पलाइन**
**112 – पुलिस आपातकालीन सेवा**
**102 – गर्भवती महिलाओं एवं नवजात शिशुओं हेतु एम्बुलेंस**
**108 – सामान्य एम्बुलेंस सेवा**
**1098 – चाइल्ड लाइन**
**101 – अग्निशमन सेवा**
**1930 – साइबर हेल्पलाइन व www.cybercrime.gov.in के बारे में जानकारियां दी गई।**
**इस दौरान उपस्थित महिलाओं/बालिकाओं को पुलिस उपमहानिरीक्षक चित्रकूटधाम परिक्षेत्र बांदा द्वारा अवगत कराया गया कि सभी थानों में महिलाओ की सुरक्षा/सहायता हेतु एक महिला हेल्पडेस्क बनाया गया है, जहाँ पर महिला पुलिसकर्मी द्वारा महिलाओं की शिकायत सुनी जाती है तथा समय से उनका निस्तारण किया जाता है इसके साथ ही मौजूद महिलाओं/बालिकाओं को महिला सुरक्षा/सुविधा सम्बन्धी चलाई जा रही हेल्पलाइन नम्बरों के सम्बन्ध में पंपलेट वितरित करते हुए विस्तार से जानकारी देने के साथ ही सभी महिलाओं/बालिकाओं को हेल्पलाइन नम्बर का निर्भीक होकर उक्त सुविधाओं उपयोग करने हेतु कहा गया।**

**तथा महिलाओ को आत्मनिर्भर बनने व निर्भीक होकर अपने अपने क्षेत्र में कार्य करने/शिक्षा ग्रहण करने के लिये प्रेरित किया गया तथा सोशल मीडिया पर अपनी प्राइवेसी रखते हुये उसका प्रयोग करने के लिये कहा गया साथ ही आम नागरिकों से अपील कर त्यौहार को भाईचारे एवं सद्भाव के साथ मनाएं तथा किसी समस्या पर तत्काल डायल-112 हेल्पलाइन नम्बर या सम्बन्धित थाना पर सूचना देने को बताया गया।**
**इस दौरान क्षेत्राधिकारी नगर श्री अरविन्द कुमार वर्मा,क्षेत्राधिकारी कार्यालय/ट्राफिक श्री यामीन अहमद, प्रभारी निरीक्षक कोतवाली कर्वी श्री उपेन्द्र प्रताप सिंह ,पीआरओ श्री प्रवीण कुमार सिंह व अन्य पुलिस अधिकारी/कर्मचारीगण मौजूद रहे।**